रोशनी सांहगडाले
बी.ए. तृतीय वर्ष

वाह रे जिंदगी

जीवन की आधी उम्र तक पैसा कमाया
पैसा कमाने में इस शरीर को खराब किया।
बाकी ऑधी ठीक कराने मे लगाया।
पर शरीर बचा न पैसा।
वाह रे जिंदगी
शमशान के बाहर लिखा था!
मंजिल तो तेरी यही थी।
बस जिंदगी गुजर गयी आते - आते
क्या मिला तुझे जला दिया जाते जाते
वाह रे जिंदगी

दौलत की भूख ऐसी लगी की कमाने चले गये।
जब दौलत मिली तो हाथ से रिश्ते निकल गये।
बच्चो के साथ रहने की फुरसत ना मिल सकी।
फुरसत मिली तो बच्चे कमाने निकल गये।
वाह रे जिंदगी

कुमारी प्रेमलता उयके
बी. ए. द्वितीय वर्ष

राष्ट्र देशभक्ति

देश भक्ति को अपने देश के प्रति प्रेम कर्तव्य और वफादारी के द्वारा परिभाषित किया जाता है। जो लोग अपने देश और राष्ट्र के हित में समर्पित देते है ऐसे लोगों को सच्चा देश के साथ - साथ वहाँ रहने वाले लोगो के कार्य विकास के लिए भी बढ़ावा देना चाहिए। किसी भी व्यक्ति का देश के प्रति अमूल्य प्रेम और भक्ति राष्ट्र देश भक्ति कि भावना को परिभाषित करती है। जो लोग सच्चे देशभक्त होते है, वे अपने देश के प्रति और उसके निर्माण के लिए भारत को परम वैभव तक ले जाने के लिए कुछ भी कर सकते है। देशभक्ति देश के प्रति प्यार और सम्मान की भावना है। देशभक्ति अपने देश के प्रति नि:स्वार्थ प्रेम तथा उसमें गर्व करने के लिए जाने जाते है। दुनिया है। दुनिया के हर देश मे उनके देशभक्त का एक संगठन समुह होता है, जो अपने देश के विकास के लिए कुछ भी करने को तैयार रहते है उन्हे हम सच्चे देश भक्त कहते है।

:: सुभाषित ::

देशरक्षासमं पुण्य, देशरक्षासमं व्रतम्!
देशरक्षासमो यागो, दृष्टों नैव च।।
अर्थ- देश रक्षा के समान पुण्य, देश रक्षा के
समान व्रत और देश रक्षा के समान यज्ञ नही देखा।
अर्थात् 'देश रक्षा' ही सर्वोच्च कार्य है !

अनिल पटले
बी.ए तृतीय वर्ष

हाँ बहुत अच्छा लगता है ।

हॉ मुझे अपना कॉलेज बहुत अच्छा लगता है।
अच्छा लगता है मुझे रोज कॉलेज जाना पढाई के समय पढाई करना और फिर उस प्यार से चार पॉच दोस्तों के साथ ढेर सारी मस्ती करना हॉ मुझे बहुत अच्छा लगता है।
लोग कहते है जो मजा स्कूल मे है, वो कॉलेज मे कहॉ आता है, तो आपसे एक बात कह दूँ ।
रोज कॉलेज आकर हमारे जैसे पढ़कर तो देखना बहुत सुहाना लगता है।
हॉ मुझे बहुत अच्छा लगता है।

वो हमारे मेश्राम सर का फिजिक्स पढ़ाना, साकेत सर का पढ़ाई के लिए बार-बार समझाना,
और लोधी सर का फटाफट गणित समझाना, हॉ बहुत अच्छा लगता है।
हॉ मुझे अपना कॉलेज बहुत अच्छा लगता है।

और हॉ हमारे नये टीचर्स का तो क्या कहना
शीतल मैंडम का शीतल सी वाणी मे केमेस्ट्री पढ़ाना और पाटिल सर का 'केमेस्ट्री इज द बेस्ट' बताना हॉ बहुत अच्छा लगता है।
जो नहीं आते रोज कॉलेज उनसे एक बात कहती हूँ, ये समय ये मौसम ये गुलशन,
ये नजारा दोबारा नहीं आयेगा।
एक बार रोज कॉलेज आकर पढ़कर तो देखो बहुत अच्छा लगता है।
हॉ मुझे अपना कॉलेज बहुत अच्छा लगता है

खुशबु बिसेन
बी.एस सी द्वितीय वर्ष

हसगुल्ले

1. पागल - डॉक्टर साहब में चश्मा लगाकर पढ़तो सकूंगा ना?
डॉक्टर - हॉ हॉ बिल्कुल पढ़ सकोगे।
पागल - आपका यह अहसान में जिंदगी भर नही भूलगा डॉक्टर साहब, आपने अनपढ़ की जिंदगी वना दी।
(डॉक्टर साहब अभी अस्पताल में भर्ती है)

2. क्लास में टीचर ने बच्चों को एक निबंध लिखने के लिए दिया।
विषय था- आलस्य क्या है?
बंटी ने तीन पेज खली छोड़दिए और अंत मे लिखा - आलस्य यही है।

3. बाप (बेटे से)- अरे बेवकूफ छगनलाल की बेटी को देख स्कूल में हमेशा फ्र्स्ट आती है?
बेटा- और कितना देखूं उसी को देख देख कर तो फैल हो गया।

4. लड्डू-इस साल छुट्टियों का क्या प्लान है?
मड्डू- कुछ खास नही यार पिछले साल कश्मीर नही गए थे, इस साल कन्याकुमारी नहीं जायेगे।

5. वेटर - आपने समोसे और कचौरियो को अंदर से खा लिए लेकिन बाहर का सारा छोड़ दिया ऐसा क्यों?
मड्डू - क्योकि डॉक्टर ने कहा है, बाहर का मत खाना।

रोशनी चौधरी
बी.एस सी प्रथम वर्ष

मंजिल पाने के लिए पहले लक्ष्य तय करे

लक्ष्य के बिना व्यक्ति जीवन में इधर - उधर भटकता रहता है। और कभी यह नही जान पाता है कि वह कहां जा रहा है? इंसान ने जितनी भी तरक्की की है लक्ष्य बनाकर की है। हमारे जितने भी आविष्कार हुए है। चाहे वे चिकित्सा के क्षेत्र में हो इंजिनियरिंग के क्षेत्र में हो या किसी भी क्षेत्र में हो । ये भी इसी कारण संभव हुए है, क्योंकि इन्हें हासिल करने का लक्ष्य बनाया गया था। व्यापार में सफलता भी अक्सर तभी मिलती है। क्योकि उसे हासिल करने का लक्ष्य वनाया जाता है। लक्ष्य अपने से ज्यादा होता है। लक्ष्य का अर्थ है - उद्देश्य। क्योंकि लक्ष्य नहीं वनाया जाता तब तक कुछ भी हासिल नहीं होगा। लक्ष्य के बिना आदमी जीवन भर इधर-उधर भटकता है। और कभी यही नहीं जान पाता कि वह कहॉ जा रहा है। इसलिए वह कभी भी मंजिल तक नही पहुँच पाता।

लक्ष्य सफलता के लिए उसी तरह जरूरी है। जिस तरह जीवन के लिए हवा है। कोई भी बिना लक्ष्य के सफल नही हुआ। इसीलिए आप पहले लक्ष्य को तय कर ले कि आपको कहॉ पहुचना है। इसी तरह जो व्यक्ति लम्बे समय तय नही कर पाता वह भी यूही भटकता रहेगा बिना लक्ष्य के हमारा विकास नही होगा।

"लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपनी समस्त शक्तियॉ द्वारा परिश्रम करना ही पुरूषार्थ है।

अरूचि बिसेन
बी.ए. तृतीय वर्ष

सुविचार

जब इंसान की जरूरत बदलती है
तो उसका आपसे
बात करने का तरीका भी बदल जाता है।
विचारो को पढ़कर बदलाव नहीं आता है,
विचारो पर चलकर ही बदलाव आता है।
किसी का सरल स्वभाव उसकी कमजोरी
नहीं होती है,उसके संस्कार होते है।
सच हमेशा फैसला करवाता हूँ लेकिन
झूठ मनुष्य के बीच फासले करवाता है।
सच्ची मित्रता उत्तम स्वास्थ्य के समान है
उसका महत्व तभी जान पाते है ।
जब हम उसे खो देते है।
बोलने से पहले शब्द मनुष्य के वश में होते है,
परन्तु बोलने के बाद मनुष्य शब्दों के वश में होते है।

दिपीका साकरे
बी.ए. तृतीस वर्ष

हिम्मत और साहस

मेरा जो भी तजुर्बा है ऐ जिंदगी मैं बतला जाउगी।
चाहे जितना करना पड़े सघर्ष, मैं कर जॉउगी।
उम्मीद क्या होती है जमाने में
ये हमसे बेहतर कोई नही जानता,
कभी आ मेरी चौखट मे,
ये विषय भी तुझे सिखला जॉउगी।
मेरा जो भी तजुर्बा है ऐ जिन्दगी
मै तुझे बतला जॉउगी।
रंग बदल के तू मेरा इम्तिहा ना ले
जीतूगी मै ही अब हार का नाम ना ले
सितम का जादु मेरा औरो मे चल जायेगा
उठूँगी हर हाल मे गिरने का नाम ना ले
प्यास मेरी थोड़े की नही है जो मिट जाये
जरूरत आने पर ये आसमा भी पी जॉउगी।
मेरा जो भी तजुर्बा है ऐ जिंदगी मै तुझे बतला जाउँगी

सुरेखा वासनिक
बी.ए. द्वितीय वर्ष

सुविचार

1. जब कहने के लिए कुछ
अच्छा नहीं हो तो
चुप रहना एक बेहतर विकल्प है।

2. पीपल के पत्तों जैसा न बनो,
जो वक्त आने पर सूख कर
गिर जाते है,
बनना है तो मेंहदी के पत्तो जैसा बनो,
जो खुद पीसकर भी दूसरों की जिदंगी में रंग भर देती है।

3. जीवन मे ये मायने नही रखता है,
की आप कितने खुश है, बल्कि ये
इससे ज्यादा मायने रखता है कि आपकी
वजह से कितने लोग खुश है।

4. खुद की जन्नत को
दुनिया में देखना चाहते हो तो,
सिर्फ एक बार माँ की गोद में
सो कर देखना।।

5. माँ जब भी दुआँए
मेरे नाम करती है,
रास्ते की दर ठोकरे
मुझे सलाम करती है।

6. दुनिया में सबसे सुन्दर अगर कोई
है तो, वो माँ है।

7. माफी मांगने से यह साबित नहीं होता
की हम गलत है, और दूसरा सही है
हम रिश्तो को निभाने की काबिलियत
उनसे ज्यादा रखते है।

प्रीति ठाकरे
बी.ए. प्रथम वर्ष

असफलता सफलता आईना

सफलता और असफलता एक ही सिक्के के दो पहलु है। पर लोग उसी को पंसद करते है, जो सफल है। यही कारण है, कि जब काफी प्रयास करने के बाद भी किसी को असफलता ही मिलती है। तो वह इस कदर घबरा जाता है कि लोगों का सामना करने से कतराने लगते हैं।

यदि हम इतिहास के पन्ने पलट कर देखें तो हर महापुरूष की सफलता के पीछे यही रहस्य छिपाकर उन्होंने असफलता को चुनौती के रूप मे स्वीकार किया। वे महापुरूष अपनी आंतरिक शक्तियो को पहचानते थे। और हर कठिन परिस्थिति का पूरे आत्मविश्वास व धैर्यता के साथ सामना करते थे।

सामान्यतः विफलताँए कभी खुद आसमान से नही टपकती है। प्रयास में कभी - कभी मूल और असावधानी अक्सर असफलताओं को आंमत्रित करती है। असफलता सफलता की ओर जाने का रास्ता है। कुछ लोगो का तो यहाँ तक कहना है कि सफलता बदलाव के लिए बेहद जरूरी है। यह हमें मानसिक रूप से लड़ने के लिए तैयार करती हैं।

चुनौती हमारे जीवन को उत्साह जनक गति प्रदान करती है।
मंजिले तो वही तय करते है, जिनके कदमों मे जान होती है।
पंखो से कुछ नही होता, हौसलो से उड़ान होती है।

"वक्त की गति को समझो,
वक्त की रफ्तार थामो।
जिन्दगी कोई खेल नहीं,
उसकी सही कीमतें पहचानो।
सफलता का कोई अंत नही ।
इसे बस एक लक्ष्य जानो।
सफलता मंजिल अपनी,
सफलता की राहें ठानो।

संविधान निर्माता की प्रकिया

तत्कालीन राष्ट्रपति और संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. श्री राजेन्द्र प्रसाद जी के द्वारा संविधान निर्माता का कार्य डॉ भीमराव आम्बेडकर जी के नेतृत्व मे स्थापित समिति के द्वारा 2 वर्ष 11 महिने 18 दिन में भारत के संविधान 26 नवम्बर 1949 को देश मे संविधान को लागू कर दिया गया। हमारे देश का यह संविधान पूरे विश्व में सबसे बड़ा लिखित संविधान जिसमे पहले 395 अनुच्छोद, 8 अनूसूचियाँ व 22 भाग थे।इस विशाल और महान संविधान जिसने हमे हमारे हक और अधिकारो के लिए लड़ने की ताकत दी है, इसकी रक्षा करना हम सभी हिन्दुस्तानीयों का परम कर्तव्य है। इस महान संविधान ने देश में सभी धर्मो को बराबर का दर्जा दिया है, इसलिये तो कहते है कि

"मेरी माँ की मिट्टी का
अन्दाज ही निराला है।
हिन्दू मुस्लिम सिख इसाई
सबको अपने ऑचल मे पाला है।।

पूजा मरठे
बी.ए. द्वितीय वर्ष

शायरियाँ

1. हर सपनो को अपनी सांसो में रखो
हर उम्मीद को अपनी बाहो में रखो
हर कदम पर जीत तुम्हारी होगी।
"बस "मंजिल को अपनी निगाहों मे रखो।

2. फर्क होता है अमीर और फकीर में
फर्क होता है किस्मत और लकीर में
अगर कुछ चाहो और न मिलें तो समझ लेना
की कुछ और अच्छा लिखा है तकदीर में

3. जीत के खातिर जुनून चाहिए।
जिसमें उबाल हो ऐसा खून चाहिए।
यह आसमान भी आएगा जमीन पर
बस इरादों में जीत की गूंज चाहिए।

4. दिखाना है तो सादगी दिखा,
पाना है तो रब को पा।
यह दुनिया है बड़ी जालिम,
गम से कभी न घबरा।

5. एक दिन सैर को हम निकले दिल
मे कुछ अरमान थे।
एक तरफ थी झोपड़ियॉ एक तरह शामशान थे।
पॉव तले एक हडडी आई उसके
यही ब्याने थे।
चलने वाले संभल के चल हम
भी कभी इंसान थे।

7. लहरो से पानी को हटाया नही जाता
गम में रोने वालो को हॅसाया नही जाता।
बनने वाले तो खुद बन ही जाते अपने
किसी को अपना कहकर बनाया नही जाता।

8. मेहनत इतनी खामोशी से करो।
कि सफलता शोर मचा दे।

9. कौन कहता है प्यार करना पाप है।
प्यार के लिए बने हम आप है।
प्यार जीवन का जाप है।
सिर्फ प्यार के लिए उन्हें मत ठुकराओ
जो हमारे मां बाप है।

दिया शरणागत
बी.ए. द्वितीय वर्ष

उसे भी गगन मे उड़ने दो

उन्मुक्त पंछी के जैसे उसे भी गगन में उड़ने दो
जाने दो मत रोको, अपने मन की करने दो।
हँसने खेलने का , उसको भी अधिकार है,
जो छीने उसके सपनो को, उसको धिक्कार है,
कब तक शील भंग कर ,उसके मन को तोड़ोगे,
हीन मानसिकता के चलते उसको न बढ़ने दोंगे।
वह भी तो है अंश ईश का, प्रकृति का उपकार है,
फिर क्यों उसके हॅसने पर, तुमको ऐतराज है?
वह भी मान तुम्हारा है,इक दिन सम्मान बढ़ाएगी,
जब भी हो मुश्किल में, तो काम तुम्हारे आएगी।।

पिता का कहना

रात ढलती रही, दिन भी ढलता रहा।
हमसफर बनके मैं, साथ चलता रहा।।
रात ढलती रही, सिर्फ ऑसू लिये।
बंद कमरे में तन्हा, मैं जलता रहा।।
दिल जला करके, जिनको दी रोशनी ।
जिन्दगी भर उन्ही को, मैं खलता रहा।।
गैर कोई न थे, मै समझता रहा।
बेरहम वक्त भी, मुझको छलता रहा।
दुसरो को बदलना, मुनासिब न रहा।।
कैसे मैने की, खुद को बदलता रहा।
मुश्किलो से बचकर, निकलता रहा।।

अंशु बिसेन
बी.एस.सी. तृतीय वर्ष(विज्ञान संकाय)

सौरमण्डल

1.	सबसे बड़ा ग्रह	–	बृहस्पति
2.	सबसे चमकीला ग्रह	–	शुक्र
3.	सबसे भारी ग्रह	–	बृहस्पति
4.	पृथ्वी की बहन	–	शुक्र
5.	नीला ग्रह	–	पृथ्वी
6.	हरा ग्रह	–	वरूण
7.	पृथ्वी का उपग्रह	–	चन्द्रमा
8.	सबसे चमकीला तारा	–	साइरस
8.	सौरमण्डल का सबसे बड़ा उपग्रह	–	गैनीमेड
9.	सौरमण्डल का सबसे छोटा ग्रह	–	डीमोस
10.	सबसे अधिक उपग्रहों वाला ग्रह	–	बृहस्पति

कुमारी रूपा सेंदरे
बी. ए. प्रंथम वर्ष

विश्व की प्रमुख झीलें

	नाम		देश
1.	टिटिकाका झील	–	पेरू, बोलीवीया
2.	बैकाल झील	–	रूस
3.	विक्टोरिया झील	–	चुगांडा, केन्या
4.	विनीपेग झील	–	कनाडा
5.	लैडोगा झील	–	रूस
6.	सुपीरियल झील	–	कनाडा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका
7.	टेगानिका झील	–	कांगो, तंजानिया
8.	ग्रेट स्लेव झील	–	कनाडा
9.	ईरी झील	–	कनाडा तथा संयुक्त राज्य अमेरिका
10.	मिंशीगन झील	–	संयुक्त राज्य अमेरिका

स्थानों के भौगोलिक उपनाम

	उपनाम		स्थान
1.	पुरव का मोती	–	सींगापूर
2.	सूर्योदय का देश	–	जापान
3.	नील नदी की देन	–	मिस्त्र
4.	चीनी का कटोरा	–	क्यूबा
5.	दुनिया की छत	–	पामीर का पठार
6.	एम्पायर सिटी	–	न्यूयॉर्क
7.	यूरोप का स्वर्ग	–	स्विट्जरलैण्ड
8.	लौंग का द्वीप	–	जंजीबार (अफ्रीका)
9.	हजार झीलो का देश	–	फिनलैण्ड
10.	सात पर्वतों का नगर	–	रोम
11.	चीन का शोक	–	हैंगहो नदी
12.	कंगारूओं का देश	–	ऑस्ट्रेलिया

म.प्र. प्रमुख तथ्य

1.	राजकीय राजधानी	–	भोपाल
2.	राजकीय राजभाषा	–	हिन्दी
3.	राजकीय पशु	–	बारहसिंगा (ब्रेडरी जाति)
4.	राजकीय पुष्प	–	सफेद लिली
5.	राजकीय खेल	–	मलखम्ब
6.	राजकीय नाट्य	–	माच
7.	राजकीय वृक्ष	–	बरगद
8.	राजकीय फसल	–	सोयाबीन
9.	राजकीय नृत्य	–	राई
10.	राजकीय मछली	–	महाशीर
11.	म.प्र. नाम किसने दिया	–	पं. जवाहरलाल नेहरू
12.	राज्य का गठन	–	1 नवम्बर 1856 ई.
13.	वर्तमान का गठन	–	1 नवम्बर 2000 ई.

सुविचार

1. प्रभाव बेहतर होने से अच्छा है, स्वभाव वेहतर होना।
2. बड़प्पन वह गुण है जो पद से नहीं, संस्कारो से प्राप्त होते है।
3. तूफान में कश्तियॉ और अभिमान में, हस्तियॉ मिट जाती है।
4. समस्या का अंतिम हल माफी ही है, कर दो या माग लो
5. सच के साथ चलिए एक दिन वक्त, आपके, साथ चलेगा।
6. परस्पर आदान -प्रदान के बिना समाज मे जीवन का निर्वाह संभव नही है।
7. एक विश्वास की प्रार्थना अंधकार के सारे वंधन तोड़ने का सामर्थ्य रखती है।
8. मन की शक्ति और उर्जा ही सही जीवन का सार है।
9. लक्ष्य तक पहुँचने का आसान और श्रेष्ठ रास्ता, समीक्षा दूसरो के वजाय स्वयं कीजिये।
10. छोटी सोच शंका को जन्म देती है, और बड़ी सोच समाधान को।
11. आलसी मनुष्य का वर्तमान और भविष्य नहीं होता।
12. छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता और टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता।
13. बड़ी सोचो और करने से मत डरो।

राहुल ईडपाचे
बी.ए. प्रथम वर्ष

भारत देश से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां

1.	राष्ट्रगान मे लगने वाला समय	-	52 सेकण्ड
2.	राष्ट्रगीत मे लगने वाला समय	-	65 सेकण्ड
3.	राष्ट्रध्वज की लम्बाई और चौड़ाई का अनुपात	-	3.2
4.	सफेद रंग किसका प्रतीक है	-	शांति का
5.	केसरिया रंग किसका प्रतीक है	-	त्याग और वीरता का
6.	नीला रंग किसका प्रतीक है	-	समृध्दि का
7.	नीला चक्र किसका प्रतीक है	-	गतिशीलता का
8.	नीले चक्र मे कितनी तीलियॉ है	-	24 तीलिया
9.	नीले चक्र का अर्थ	-	एक दिन के 24 घंटे
10.	नीला चक्र कहॉ से लिया गया है	-	अशोक स्तम्भ से
11.	भारत का प्रथम नागरिक	-	राष्ट्रपति
12.	भारतीय सेना के तीन अंग	-	जल सेना, थल सेना, वायु सेना
13.	सेना मे वीरता का सर्वोच्च सम्मान	-	परमवीर चक
14.	थल सेना का प्रमुख	-	जनरल
15.	जल सेना का प्रमुख	-	एड़मिरल
16.	वायु सेना का प्रमुख	-	एयर चीफ मार्शल
17.	तीनो सेनाओ का प्रमुख	-	राष्ट्रपति
18.	हमारी शासन प्रणाली	-	संसदीय लोकतंत्र
19.	भारत शब्द का मुल	-	राजा भरत
20.	इंडिया शब्द का मूल	-	नदी (सिंध - Indus)
21.	भारतीय नागरिक का सर्वोच्च सम्मान	-	भारत रत्न

सुनाक्षी पन्दरे
बी.एस सी द्वितीय वर्ष

शिक्षक का ज्ञान सभी शिक्षको को समर्पित

अक्षर - अक्षर हमें सिखाते
शब्द - शब्द का अर्थ बताते
कभी प्यार से कभी डाँट से
जीवन जीना हमे सीखाते।
सुन्दर सूर सजाने को साज बनाता हूँ।
ना सिखिये परिदों को बाज बनाता हूँ।
चुपचाप सुनता हूँ शिकायते सबकी।
तब दुनिया बदलने की आवाज बनाता हूँ।
समंदर वो परखता है हौंसले कश्तियो के।
और मैं डूबती कश्तियो कों जहाज बनाता हूँ।
बनाए चाहे चाँद पे कोई बुर्ज ए खलीफा।
अरे मै तो कच्ची ईटो से ही ताज बनाता हूँ।

आरती पंदरे
बी.एस सी द्वितीय वर्ष

इंसान जाने खो गये है....

जाने क्यूँ अब शर्म से चेहरे गुलाब नही होते।
जाने क्यूँ अब मस्त माहौल नही होते।
पहले बता दिया करते थे, दिल कि बाते।
जाने क्यूँ अब चेहरे, खुली किताब नही होते।
सुना है बिना कहे, दिल की बात समझ लेते थे
गले लगते ही दोस्त हालात समझ लेते थे
तब ना फेसबुक था ना स्मार्ट फोन ना ट्विटर अकाउंट
एक चिट्ठी से ही, दिलो के जज्बात समझ लेते थे
सोचती हूँ हम कहाँ से कहाँ आ गए,
व्यावहारिकता सोचते -सोचते भावनाओं में खो गये।
अब भाई -भाई से समस्या का समाधान कहां पूछता है।
बेटी नही पुछती, माँ से ग्रहस्थी के सलीके
अब कौन गुरू के, चरणो मे बैठकर
ज्ञान की परिभाषा सीखता है।
परियो की बातें अब कहा किसे भाती है।
अपनो कि याद, अब किसे रूलाती है,
अब कौन, गरीब को साख बताता है।
अब कौन, कृष्ण, सुदामा को गले लगाता है
जिन्दगी मे हम केवल व्यावहारिक हो गये है
मशीन बन गए है, हम सब इंसान जाने कहाँ खो गये है

कुमारी सीमा टेकाम
बी.ए. द्वितीय वर्ष

गुरू की महिमा

जग आज मिले शिक्षक कहता,
वह गुरू कहलाता था।
सम्मान भाव से शिष्य जहां
श्रध्दा भक्ति से झुक जाता था ।
गुरू दक्षिणा जहां कभी हाथ का
अंगूठा था,
एक लव्य जैसे शिष्य जहां कभी
गुरू ये न शिकवा करते थे।
नमन कर शिक्षा लेते थे,जो
दम था माली में,
वह आज कहां पर खो गया।

सुरेखा अडमेचा
बी.ए द्वितीय वर्ष

जीता जागता शिक्षक भी माटी
जैसा हो गया।
सुन नाम गुरू का पहले ,,मन
ये श्रृध्दा आ जाती थी।
उस भारतीय संस्कृति का,
वह श्रध्दा भाव कहां गया।
जो शिक्षा बच्चों को देते है ।
भले ही वह ज्ञान का सागर है,
पर क्यो बच्चो का सागर सूखा है।
आओ करे सम्मान गुरू का, ज्ञान
अपने इस आंचल को, श्रध्दा भक्ति से
हम आज भर ले।

अच्छे विचार

कहते है कि सफलता पाने का कोई एक सूत्र नहीं हो सकता लेकिन सपने देखने की चाहत और उन्हें पूरा करने के लिये जी तोड़ मेहनत करते रहने वालो को कोई पछाड़ नही सकता। दुनिया के महान लोगों के सफलता से जुड़े हुए विचार जानकर आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

सुविचार

1. कभी भी लक्ष्य निर्धारित करने या नया सपना देखने के लिए बहुत बड़ा होना आवश्यक नहीं।
2. लक्ष्य ना होने क साथ समस्या ये है कि, आप अपना समस्त जीवन मैदान में उपर - नीचे दौड़ते रहने के बाद कोई जीत हासिल नही कर पाते।
3. मुठ्ठी भर संकल्प वह लोग जिनकी अपने लक्ष्य दृढ आस्था है इतिहास की धारा को बदल सकते है ।
4. कोई लक्ष्य मनुष्य के साहस से बढ़ा नहीं, हारा वही जो लड़ा नही।
5. एक रास्ता खोजो उस पर विचार करो, उस विचार को अपना जीवन बना लो। उसके बारे में सोचो उसका सपना देखो, उस विचार पर जियो, मस्तिष्क मांशपेशियो की नशें आपके शरीर के प्रत्येक भाग को उस अन्य विचार को जगह मत दो, सफलता का यही रास्ता है।
7. जब तक आप खुद पर विश्वास नहीं करते है तब तक आप भगवान पर विश्वास नहीं करते।
8. यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता क्योंकि आप अनंत है आप कुछ भी कर सकते हो।

चित्ररेखा भलावी
बी. ए तृतीय वर्ष

कितना अजीब है न...

1. 20 रूपये का नोट बहुत ज्यादा लगता है, जब गरीब को देना हो। मगर होटल में टिप देना हो तो बहुत कम लगता है।
2. तीन मिनिट के लिये भगवान को याद करना कितना मुश्किल है, मगर तीन घंटे फिल्म देखना कितना आसान है।
3. पूरे दिन मेहनत के बाद जिम जाने से नहीं थकते मगर माँ -बॉप के पैर दबाना हो तो हम थक जाते है।
4. वेलेन्टाईन डे के लिये हम पूरे साल इंतजार करते हैं मगर मदर्सडे कब है हमे पता ही नहीं...
5. एक रोटी नही दे सका कोई उस मासूम बच्चे को लेकिन वो तस्वीर लाखो मे बिक गई जिसमें रोटी के लिये वह बच्चा उदास बैठा था।

हमारी शुभकामना

1. नवल कुसुम तुम इस प्रांगण के कभी विलग न तम से होगे
   निर्मल कटंक रहित मार्ग पर, ईश कृपा से सदा चलोगें।
2. मन खुशियों से सरावोर हो, जब जीवन में शिष्य मिले।
   रंग निखर जाये स्वप्नों के आशाओं के सुमन खिले।
4. रहना अटल कर्म क्षेत्र में, नहीं कभी तुम हार मानना।
   फलीभूत हो अभिलाषाएं, समझो तभी सफल साधना।

ऑचल कटरे
बी.ए. प्रथम वर्ष

विद्यार्थी जीवन

एक व्यक्ति के जीवन का सर्वोतम काल उसका विद्यार्थी जीवन है क्योंकि यह हर व्यक्ति के भविष्य की नींव तैयार करता है। विद्यार्थी जीवन में आत्मसंयम और आत्मानुशासन का काफी महत्व है।

विद्यार्थी वह व्यक्ति होता है जो कोई चीज सीख रहा होता है। विद्यार्थी किसी भी आयुवर्ग का हो सकता है बालक, किशोर, युवा और वयस्क लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि वह कुछ सीख रहा होना चाहिए, जिसे किसी संस्थान में सीखना पड़े। विद्यार्थी वह होता है जो दूसरे से ज्ञान प्राप्त करता है।

विद्यार्थी का अर्थ यह होता है कि अपने से बड़ो का कैसे आदर करना चाहिए। विद्यार्थी जीवन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। किसी देश के विकास में विद्यार्थी का बहुत बड़ा योगदान होता है।। विद्यार्थी का प्रथम लक्ष्य शिक्षा ग्रहण करना ही होना चाहिए। शिक्षा के द्वारा विद्यार्थी जो चाहता है उसे प्राप्त कर सकता है और अपने भविष्य में आगे बढ़ सकता है। शुरूवाती दौर से ही विद्याथीयों को शिक्षा पर अधिक ध्यान देना चाहिए। हर एक विद्यार्थी चाहता है कि मैं अच्छी शिक्षा लेकर अच्छा इंसान बनूं एवं देश की सेवा करू तथा अपने गॉव शहर का नाम ऊँचा करूँ।

विद्यार्थी जीवन भले ही कुछ कष्टप्रद होता है परन्तु कड़ी मेहनत करके आगे चलकर यही जीवन भले ही कुछ कष्टप्रद होता है, लेकिन यही जीवन सफलता की कुंजी बन जाता है। इसीलिए इसे जीवन का सर्वोत्तम समय कहा गया है।

किसी भी भवन की नींव मजबूत होगी तभी भवन मजबूती से खडा रह सकेगा । यहाँ विद्यार्थी जीवन को नींव एवं सम्पूर्ण जीवन को भवन कहा गया है। विद्यार्थीयों को इस काल की महता भली -भॉति समझते हुए कड़ी मेहनत एवं अथक परिश्रम करने की आवश्यकता है।

भुवनेश्वरी कटरे
बी. कॉम प्रथम वर्ष

REAL KNOWLEDGE WORLD

FATHER OF ALL SUBJECTS

	SUBJECTS		FATHER
1.	Histiry	-	Herodotus
2.	Economic	-	Adam smith
3.	Civics	-	banjamin franklin
4.	geography	-	Eratosthenes
5.	Biology	-	Aristotle
6.	.Modern chemistry	-	Antuine covosier
7.	Physics	-	Albert einstein
8.	Zoology	-	Aristatle
9.	Computer	-	Charles Babbage
10.	Batany	-	Theophrastus
11.	Hindi litrature	-	Bhartendy Harischandra
12.	English	-	Geoffery chhaucher
13.	Sanskrit	-	Panini
14.	Maths	-	Archimedes
15.	Geometry	-	Eulid
16.	mensuration	-	leonard digges
17.	ALgebra	-	Muhammad izmmussal khwarizmi
18.	Statistics	-	Sir ronalal fisher
19.	Probability	-	Girolamo Grdano
20.	Trigonometry	-	hipporchus
21.	english grammar	-	lindley murray
22.	Internet	-	robert iliot kan winton surf

PRIYA RAUT
B.SC.1TH YEAR

प्यारी सी बातें

1. आज तेरे लिए वक्त का इशारा है, देखता ये जहां सारा है, फिर भी तुझे मंजिलो से प्रकाश है।
2. जल को बर्फ मे बदलने मे वक्त लगता है, सूरज को निकलने में वक्त लगता है, अपने हौसलो से किस्मत बदलने में भी वक्त लगता है।
3. यह सच है की हर कोशिश करने वाला सफल नहीं होता। लेकिन यह भी सच है, कि सफलता कोशिश करने वालो को ही मिलती है।
4. ठोकरें हमें बताती है कि तुम असावधान हो चुके हो, वक्त के साथ बदलना और हर ठोकर के साथ सम्भालना बहुत जरूरी होता है।
5. मत समझ तू खुद को कमजोर हौसला रख तू कुछ बड़ा करने वाला है, यह सूरज भी दुनिया में अकेला है, पर यही एक सूरज से पूरी दुनिया मे उजाला है।
6. जिन्दगी में कभी भी मुसीबत आए तो घबराना मत क्योंकि गिरकर उठने वाले को ही बाजीगर कहते है।
7. शेर छलांग मारने के लिए एकदम पीछे हटता है, इसी तरह जब जिंदगी आपको पीछे छोड़ती है तो घबराए नही जिंदगी एक आपको उँची उड़ान देने के लिए तैयार है।
8. कह दो प्यासे से थोड़ा और कठिन हो जाए, कह दो चुनौतियो से थोड़ा और कठिन हो जाए। अरे अपना ही चाहते हो ना हमारी हिम्मत को तो कह दो आसमान से थोड़ा और उँचा हो जाए।
9. मुश्किल नहीं है इस दुनिया में कुछ भी, तू जरा हिम्मत तो कर ख्वाब बदलेगे, हकीकत मे तू जरा काशिश तो कर।
10. आर्थिक सदा चलती नही, मुश्किलों सदा रहती नही, मुश्किलो सदा रहती नही, मिलेगी तुझे मंजिल तेरी जरा, कोशिश तो कर।

आयुषी मानकर

सबसे अधिक फसलो के उत्पादन वाले राज्य

	फसल	-	उत्पादन राज्य
1.	सेव	-	जम्मू-कश्मीर
2.	चॉवल	-	पश्चिम बंगाल
3.	बाजरा	-	राजस्थान
4.	केला	-	तमिलनाडु
5.	कपास	-	गुजरात
6.	नारियल	-	केरल
7.	चाय	-	असम
8.	आलू	-	उत्तर प्रदेश
9.	काली मिर्च	-	केरल
10.	मक्का	-	आंध्रप्रदेश
11.	आम	-	उत्तरप्रदेश
12.	सरसों	-	राजस्थान
13.	प्याज	-	महाराष्ट्र
14.	सोयाबीन	-	मध्यप्रदेश

अभिषेक नांगवंशी
बी.ए. तृतीया वर्ष

समय का मोल

जब व्यक्ति स्वंय अपने जीवन का मोल नहीं समझना, उसको बनाए रखने का प्रयास नहीं करता, तब दुनिया में कौन दूसरा उसके लिए चिंतित होगा? जीवन -मुल्यों का कार्य जीवन का मूल्य बनाए रखना है। आज व्यक्ति सुबह से शाम तक इतना व्यस्त प्रतीत होता है कि ऐसे कहीं रूककर यह सोचने का भी नहीं है कि उसका रास्ता आगे जाकर सही निकलेगा या नहीं। मार्ग भटक जाने पर रूककर किसी राहगीर से पूछा भी जाता है, लेकिन आज पूछना भी अपने आप में एक शर्म की बात लगती है।

हमें हमारे समय की कीमत का आज भी एहसास नहीं है हम कहते है जवानी बार-बार नही आती। इसका तो एक -एक पल कीमती होता है। और हम घंटो लगा देते है। ऐसे कामों में जहॉ उसकी कीमत ही नही रहती।

हमने जवानी का मनोरंजन बना दिया है। अवकाश की अवधारणा से जोड़ दिया है यह काल तो तपने का है निखरने का है। उफान होना चाहिए। शिखर चुनने से कम कुछ सोचना ही क्यों चाहिए ? सर्वश्रेष्ठ काल को सर्वश्रेष्ठ उपयोग में लेना चाहिए। यदि यह जागरूकता नही है तो सही बुध्दि का अभाव है। पशु की तरह शरीर में ही उलझकर रह जायेगे । शिखर के बजाय तलहरी में ही जीवन कर जायेगा।

जिस प्रकार बिना भूख लगे खाने से कष्ट हो जाता है। इस प्रकार प्रसन्न मन को रंजक में लगा देने का भी अच्छा परिणाम नही आता। मन दुखी हो बोझ से दवा हो, अवसादग्रस्त या थका हो तभी मनोरंजक की आवश्कता होती है। आज जिस प्रकार रंजक हो रहा है। वह तो मन तक पहुंचता ही नहीं।

आज हमारी पॉच ज्ञानेन्द्रियॉ हमसे दूर होने लगी। न अच्छा देखते हैं,न अच्छा सुनते है, और अच्छा खाते भी नहीं। अनावश्यक सामग्री ने हमें चारों ओर से घेर रखा है। हमारा ज्ञान + दिशा का ज्ञान ही नहीं कर पाता है। हमें हमारे जीवन का उद्देश्य तय करना होगा। लेकिन इतना तो हम आज ही तय कर सकतें है, कि हम अनावयश्क कुछ नहीं करेंगे। समय को रचनात्मक रूप में ही काम लेंगे। समय लौट कर नहीं आता। समय ही तो जीवन है। इसको दूसरो की मर्जी पर छोड़ा भी नहीं जा सकता है। किसी को यह अधिकार नही है कि मेरे जीवन का हिस्सा बेकार कर दे।

तो आओ, संकल्प करे, जीवन की सार्थकता समझें। ऊँचे सपने देखेंगे युवावस्था फिर लौटकर नहीं आएगी जीवन को उॅचाईयॉ देने का सही समय है। कई नासुर शक्तियॉ हमारे मार्ग में आएगी। हमें उनसे लड़ते हुए आगे बढ़ना है। मन के मायाजाल में फसना नहीं है। यह तो हार होगी। इस उम्र में हार कैसे स्वीकार हो सकती है? हमें तो कुछ कर गुजरना है, जीवन की पहचान देनी है।

आज प्रवन्धन के गुरू कहते है कि जो कुछ करो, परिश्रम को ध्यान में रखकर करो। यही बात तो आपके कार्यों को और जीवन को सार्थकता देगी। लक्ष्य ही परिणाम बनता है, उसी तरह का मन में वातावरण बनाया जाता है और उसी तरह का व्यक्तित्व वन जाता है । अतः जीवन का एक लक्ष्य तो यह होना ही चाहिए- "घटिया विषय से दूरी और सर्वश्रेष्ठ का चुनाव।"

आरजू बिसेन
बी.एस सी प्रथम वर्ष

राज्यों का गठन वर्ष

राज्य		गठन वर्ष
आन्ध्रप्रदेश	-	1 अक्टूबर 1953
महाराष्ट्र	-	1 मई 1960
गुजरात	-	1मई1960
नागालैण्ड	-	1 दिसम्बर1963
हरियाणा	-	1 नवम्बर 1966
हिमाचल प्रदेश	-	25जनवरी 1971
मेघालय	-	21 जनवरी1972
मणिपुर	-	21 जनवरी1972
त्रिपूरा	-	21 जनवरी 1972
सिक्किम	-	26जनवरी1975
मिजोरम	-	20 फरवरी1987
अरूणाचल प्रदेश	-	20 फरवरी 1987
गोवा(25 वॉ)	-	30 मई1987
छत्तीसगढ़(26वॉ)	-	1 नवम्बर 2000

कुछ महान कार्यो से सम्बन्धित व्यक्ति

ब्रम्ह समाज	-	राजारायमोहन राय
आर्य समाज	-	स्वामी दयानंद सरस्वती
प्रार्थना समाज	-	आत्माराम पांडुरंग
भक्ति आन्दोलन	-	रामानुज
सिख धर्म	-	गुरू नानक
बौध्द धर्म	-	गौतम बुध्द
न्याय दर्शन	-	गौतम
वैशेतिक दर्शन	-	महर्षि कणाद
साख्य दर्शन	-	महर्षि कपिल
योग दर्शन	-	महर्षि पतंजली
रामकृष्ण मिशन	-	स्वामी विवेकानन्द
हरिजन संघ की स्थापना	-	महात्मा गॉधी
सत्ती प्रथा का अन्त	-	लॉर्ड विलियन बैटिक
दिल्ली सल्तनत की स्थापना	-	कुतुबुद्दीन ऐबक
खालसा पन्थ	-	गुरू गोविन्द सिंह
इस्लाम धर्म की स्थापना	-	हजरत मोहम्मद साहब
पारसी धर्म के प्रवर्तक	-	जर्थपट
शंक संम्वत्	-	कनिष्क
मौर्य वंश के संस्थापक	-	चन्द्रगुप्त मौर्य
गुप्त वंश के संस्थापक	-	श्री गुप्त
मुगल साम्राज्य की स्थापना	-	बाबर
विजयनगर साम्राज्य की स्थापना	-	हरिहर व बुक्का

कुमारी माया नेवारे
बी.ए. तृतीय वर्ष

डर के आगे जीवन है...

डर इंसान की सबसे बड़ी कमजोरी होती है। हर इंसान में डर कहीं न कहीं मन के किसी कोने में विद्यमान होता है। जो कि आपकी सफलताओं में ना जाने कितनी रूकावटें उत्पन्न करता है । डर उन्हें पीछे खींचता है जो डर का सामना ही नहीं करना चाहते । अपने डर को पहचाने और पहचानकर इसे महसूस करे । अगर आप डर के साथ सहज नही है तो यह बात जानते कि आप अकेले नही है । याद रखे कि इतिहास के सबसे महान लोगो ने भी अपने डर का मुकाबला किया था। क्या आपके ज्यादातर डर भविष्य से जूड़े है? कभी यह न सोचे कि क्या हो जायेगा ।

भविष्य के बारे विचार करना बन्द कर दे और वर्तमान में जीना शुरू करे । अपने डर को दूर करने के लिए मौजूद करने में कुछ खास करें। वर्तमान में जो घटित हो रहा है उसका आंनद ले। अपने डर का डट कर सामना करे। आप कोई विपदा में आ जाए तो आप क्या करेगे ?इसकी योजना बनानी पड़ेगी । आपको अपने सबसे बुरे डरों की कल्पना करनी होगी। आपको सोचना होंगा कि आखिर उस स्थिति में पहुँचने पर क्या करेंगे ? अपनी जिन्दगी में आने वाले डर को निकाल कर फेंक दो और अपनी नई जिन्दगी की शुरूआत नए शिरे से करे तभी आपको पता चलेगा कि डर के आगे जीत है।

कुमारी यास्मिन वट्टी
बी. ए. (द्वितीय वर्ष)

भारत का संविधान
नागरिको के मूल कर्त्तव्य

अनुच्छेद 51 क.

मूल कर्तव्य :- भारत के प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह-

1. संविधान का पालन करे और उसके आदर्शो,संस्थाओ, राष्ट्रध्वज और राष्ट्रगान का आदर करे।
2. स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय आंदोलन को प्रेरित करने वाले उच्च आदर्शो को हृदय में संजोए रखें और उनका पालन करे।
3. भारत की संप्रभुता, एकता और अखण्डता की रक्षा करे और एसे अक्षुण्ण बनाए रखे।
4. देश की रक्षा करे और आसन किए जाने पर शब्द की सेवा करे।
5. भारत के सभी लोगो में समरसता और समान भ्रातत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म- भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभावो से परे हो ऐसी प्रभाओ का चयन करे जो महिलाओ के सम्मान के विरूध्द हो।
6. हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली पंरम्परा का महल समझे और उसका परिक्षण करें।
7. प्राकृतिक पर्यावरण की जिसके अन्तर्गत वन झील, नदी और वन्यजीव है, रक्षा करें और उसका संवर्धन करें तथा प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव रखें।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे।
9. सार्वजनिक सम्पति को सुरक्षित रखे और हिंसा से दूर रहे।
10. व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियो के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर वढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई उचाईयॉ को छू सके
11. यदि माता-पिता या संरक्षक है छह वर्ष से चौदह वर्ष तक की आयु वाले अपने यथास्थिति बालक या प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करे।

दिक्षा पंचतिलक (बी.ए. तृतीय वर्ष)

विद्यार्थी के दोहे

काल पढ़े सो आज पढ़, आज पड़े सो अब
फीस डबल हो जाएगी, फिर पढ़ेगा कब।
स्कूल में सुमिरन सब करे, घर में करे न कोय,
जो घर में सुमिरन करें, सो फैल काहे को होय।
पहली घण्टी गई, आने में हो गई देर
गेट आउट सुन चुप रहे, देख समय का फेर।
पोथी पढ़-पढ़ जग हुआ, पास भया न कोय
दिन में कुंजी पढ़े, पास तुरन्त होय।
एक भरोसा एक बल, एक आस विश्वास,
नकल करो हो जाओगे, फर्स्ट डिविजन पास।

ये 5 बाते जीवन भर याद रखना

1. जो होता है, अच्छे के लिए होता है भले अभी बुरा लग रहा है, लेकिन चल के पता चल जाएगा, कि वो भी अच्छे के लिए हुआ था।
2. कई बार अपनों की खुशी के लिए खुद की, खुशी छोड़नी पड़े तो ज्यादा उदास मत हो।
3. अगर लाइफ में कोई कमी है कुछ परेशानी है तो उसे ठीक करने की सोचो उसके बारे में सोच के दुःखी होने से कोई मतलब नही।
4. सच को तुरंत स्वीकार कर लो , क्योंकि किसी झुठ को सच मानने से परेशानी बढ़ती है।
5. अगर लाइफ में कुछ परफेक्ट नहीं है तो क्या हुआ हिम्मत करके खुद को परफेक्ट बना लो।

कुमारी खुशबु सुलाखे
बी. ए. प्रथम वर्ष

स्त्री

सरल भाषा में कहूँ।
स्त्री यानी
"अगरबत्ती"
जिसमे आग भी है,
धीरज भी है।
सहनशीलता भी है।
अपने आप को धीरे -धीरे
जलाकर अपने परिवार को
सुगंधित करने की ताकत भी है।।
" हाँ! नारी हूँ मै

कभी साजन की मौत हूँ मैं।
कभी मितवा की प्रीत हूँ मैं।
कभी ममता की मूरत हूँ मैं।
कभी अहिल्या सीता की सूरत हूँ मैं।
कभी मोम सी कोमल पिघलती हूँ मैं।
कभी अपने ही अश्रु पीती हूँ मैं।
कभी स्वर चित दुनिया में जीति हूँ मैं।
ईश्वर की अनूठी रचना हूँ मैं।
हाँ! नारी हूँ मै

जयश्री मरकाम
बी.एस. सी. द्वितीय वर्ष

हसगुल्ले - रसगुल्ले

1. थानेदार (सिपाही से) - तुमने चोर को क्यो नही पकड़ा?
सिपाही - हुजूर जिस घर में चोर घुसा था उसके बाहर लिखा था अन्दर आना मना है।

2. एक पागल बस में बैठा सबको टरका रहा था मै महाराणा प्रताप हूँ। मेरे सामने काई आंख नही निकाल सकता।
कंडक्टर चतुर था- उसने अगले स्टाप पर बस रूकवाई और बोला -चित्तौड़!फिर क्या था,वह पागल फौरन वही उत्तर गया।

3. ग्राहक (दुकानदार से)-क्यों भाई देशी घी है? क्या भाव है?
दुकानदार - हॉ है । 30 रूपये किलो।
ग्राहक - 25 पैसे का दे दो।
दुकानदार - यह डिब्बा लीजिये और पांच मिनट सूंघ लीजिये।

4. एक सज्जन रोज सांयकाल मंदिर जाते थे। वहां बैठे एक अंधे भिखारी को रोज 10 पैसे देते थे। एक दिन वह अंधा भिखारी वहां नही था। उन्होंने पास बैठे दूसरे भिखारी से पूंछा - वह अंधा भिखारी आज दिखाई नही दे रहा । कहां गया?
दूसरे भिखारी ने जवाब दिया - आज वह सिनेमा देखने गया है।

5. शिक्षक -एक आलू के दो टुकड़े करके प्रत्येक के 2 टुकड़े करे तो कितने टुकड़े होगे।
रमेश- चार।
शिक्षक - फिर वैसे ही काटे तो?
रमेश -आठ!
शिक्षक-फिर वैसे ही काटे तो।
रमेश - तब तो भुरता बन जायेगा।

भारती ठाकरे
वी. ए. द्वितीय वर्ष

किनारे

किनारे हमेशा इंतजार करते है
वे नदियों के दुःख से दूर हैं
और उनके खिलाफ में वह जाते है।
जब सूखने लगती है नदी
किनारे भी ओझल हो जाते है धीरे - धीरे
वे एक लुप्त नदी के अहस्य किनारे होते है
जो चुपचाप अगली बारिश की प्रतिक्षा का इंतजार करते है।
जिससे वे हो सके अपने होने का इंतजार करते है
.....
खुशं हूं मैं
क्योंकि मुझे सपनों से ज्यादा अपनो की फिकर है .....
हो सके तो दिलों में रहना सीखो,
गुरूर में तो हर कोई रहता है.....।

कुमारी आरती सोनी
वी.एस सी द्वितीय वर्ष

सफलता एक ऐसा शब्द है जो सिर्फ शब्द नहीं किसी की चाहत और किसी का सपना होता है। पर सफलता प्राप्त करना आसान नहीं होता है। सफलता प्राप्त करने के लिए बहुत मेहनत करना पड़ता है।

आईये पढ़ते है सफलता पर लिखी कविता

निश्चित ही सफलता मिल जायेगी।

राह नही आसान है ये
मुश्किल रास्ते मे आएगी
किस्मत पे रास्ते भरोसा मत करना
ये राह तुम्हे भटकाएगी
मत हारना हिम्मत इनसे तुम
चाहे जितने धमासान रहे
निश्चित ही सफलता मिल जाएगी
तुम खड़े जो सीना तान रहे

जो कभी कोई रह जाती है।
तो उसका तुम अभ्यास करो
जो गिरते हो तुम एक दफा
तो उठकर फिर प्रयास करो
लगे रहो तुम कर्म में अपने
जब तक इस तन में प्राण रहे
निश्चित ही सफलता मिल जाएगी
तुम खडे जो सीना तान रहे।

गिरने मे वक्त नही लगता
लगता है नाम कमाने मे
खुद ही चलना पड़ता है
सच्चाई की राह जो चलते
समाज मे उसकी शान रहे
निश्चित ही सफलता मिल जाएगी
तुम खडे जो सिना तान रहे।

कुछ भी करना तुम जीवन मे
मगर कभी न वो काम करना
हो जाए जिससे वदनामी
और जीना भी लगे मरना
बना तुम्हारा सम्मान रहे
निश्चित ही सफलता मिल जाएगी
तुम खडे जो सीना तान रहे।

हरित पीछले
बी.ए.प्रथम वर्ष

QUOTATION

1. Good mind, god find.
2. All is well that ends well.
3. Better todey thah tomarrow.
4. HONESTY IS THE BEST POLICY.
5. Barking dogs seldom bite.
6. Time and tide wait for no.
7. Beauty has wings.
8. Tit for tat.
9. Like father like son.
10. As yopu saw, so you reap.
11. Might is night
12. TO kill the goose that days the golden eggs.
13. Oil and truth must come out.
14. Nip the evil in the dub.
15. Anger is blind.
16. It is never to late to mend.
17. Many a little makes a mickle
18. A walf in shep's clothing or mouth of maney heart of gall.
19. A drowning man cutchs a straw.
20. An idle mind is the devil's warkshop
21. All that glitters is not gold.
22. Saying is one things and doing another.
23. Unity is strength.
24. Make hay,while the san shines.
25. BY trying the creeks gat into truy.
26. DO not put off til tomorrow what you can do today.
27 Maney begets maney.
28. Gather thistles and expect pickles.
29. Men rule the world women rule man.

DURG MESHRAM
B.SC 3 YEAR

सफलता के लिए विद्यार्थी को ध्यान रखनी चाहिए ये बातें –

1. प्रयास करे की क्रोध न करें – क्रोध में आदमी अंधा हो जाता है। उसे सही गलत की पहचान नहीं रह जाती है और जो व्यक्ति क्रोधी स्वभाव के है और छोटी – छोटी बात पर भी गुस्सा होकर कुछ ऐसा कर बैठता है जिसके लिए आगे आकर पछताना पड़े वैसे लोग क्रोध आने पर किसी का भी बुरा कर बैठते है।

2. देख परायी चुपडी न ललचाओ जी (लोभ न करे)– लालच बुरी बला है हम सबने ये सुना है और पढ़ा है लालची इंसान अपने फायदे के लिए किसी का भी इस्तेमाल कर सकते है और किसी के साथ भी धोखा कर सकते है। ऐसे व्यक्ति सही गलत के वारे मे विल्कुल नहीं सोचते।

3. निद्रा आवश्यकता से अधिक सोने से वचे:– स्वस्थ मनुष्य के लिए 6-8 घंटे सोना आवश्यकता होता है। विद्यार्थियों को इस वात का ध्यान रखना चाहिए । वे आवश्यकता से ज्यादा निद्रा से बचे । अत्यधिक निंद्रा से शरीर से हमेशा थकान वनी रहती है। और अगर शरीर थका हो तो ध्यान केकन्द्रित करना मुश्किल हो जाता है, और अध्ययन के लिए दिमाग का केंद्रित होना अत्यंत आवश्यक होता है।

विशाल पटले
प्रयोगशाला तकनिशियन

देश की सेवा

"यदि मैं इस देश की सेवा करते हुए शहीद भी हो जांऊँ।
मुझे इसका गर्व होगा, की मेरे खून की हर एक बूँद .....
रस देश की तरक्की में और इसे मजबूत गतिशील बनाने मे योगदान देगी।"

जिंदगी की सच्चाई

जिंदगी निकल जाती है ढूंढ़ने में कि..... ढूंढ़ना क्या है?
अंत मे तलाश सिमट जाती है इस सुकून मे कि .....
जो मिला, तो भी कहां साथ लेकर जाना है।

वक्त

वक्त कहता है..... मै फिर ना आऊँगा क्या पता मै तुझे हसाऊँगा या रूलाऊँगा जीना है तो इस पल को ही जी ले, क्योंकि इस पल को मै अगले पल तक नही रोक पांऊँगा!

शिक्षक

शिक्षा से बेहतर कोई वरदान नही है, शिक्षक का
आशीर्वाद मिले इससे बड़ा कोई सम्मान नही है।

स्वतंत्रता दिवस अमर रहे का अर्थ

शब्द		अर्थ
स	-	स्वतंत्र रहेगा।
व	-	वतन हमारा आसमान मे
तं	-	तंत्र तंरगे गुंजी थी, बापू की
त्र	-	त्रासंदिव झेलकर।
ता	-	ताकत से भागा था फिरंगी आज
दि	-	दिवस 15 अगस्त
व	-	वतन की आजादी का पर्व ये।
स	-	संकल्प को दोहराते है अपना।
अ	-	अखण्डता कायम रखेगे।
म	-	मरकर भी याद रखेगे।
र	-	रहम की भीख न मांगेंगे।
हे	-	हे माँ तुझे सलाम।

आकाश राहंगडाले
बी.ए. द्वितीय वर्ष

कर्तव्य अभिप्राय और प्रकार

कर्तव्य –अभिप्राय और आशय –

किसी संदर्भ व्यक्ति के कर्तव्य होने का आशय यह होता है कि संदर्भ में कुछ करना या कुछ न करना उसका उत्तरदायित्व है दुसरे शब्दो मे , "समाज और राज्य व्यक्ति से जिन कार्यों को करने की अपेक्षा की जाती है, वही उसके कर्तव्य है।" कर्तव्य का आधार मात्र अवधारणा है कि जीवन की जो सुविधाएँ या स्थितियाँ मुझे प्राप्त है वही अन्य व्यक्तियो को भी प्राप्त है। अतः मेरा दायित्व है कि मैं ऐसे उतरदायित्व का पालन करू जिससे उन्हे वे स्थितियाँ सहज ही उपलब्ध रहें हॉव हाउस ने लिखा है –अधिकार व कर्तव्य सामाजिक कल्याण की दशाएँ हैं। समाज के प्रत्येक सदस्य का इस कल्याण के प्रति दोहरा दायित्व है। अधिकार एक माँग है तो कर्तव्य । दूसरी मेरे अधिकार समाज के अन्य सदस्यों का कर्तत्व निर्धारित करते है और अन्य सदस्यो के अधिकार मेरे कर्तव्य को निर्धारित करते हैं।"

मोटे कतौर समाज और राज्य मे व्यक्ति के कर्तव्यों की दो श्रेणियाँ होती है।

1) नैतिक कर्तव्य (Mogail Datles) –

नैतिक कर्तव्यो का आधार व्यक्ति की नैतिक या उसका अन्तः करण होता है, उनका कोई वैधानिक आधार नहीं होता अर्थात् इन कर्तव्यों का पालन करने के लिए राज्य द्वारा व्यक्ति को बाह्य अथवा दण्डित नहीं किया जा सकता है। इन कर्तव्यो का स्त्रोत व्यक्ति का विवेक है।

सामाजिक प्राणी होने के नाते व्यक्ति से जिन कर्तव्यो की अपेक्षा की जाती है उन्हे ही नैतिक कर्तव्य कहा जा सकता है जैसे –सत्य बोलना, कमजोर और असहाय की सहायता करना। ऐसे कार्य न करना जिससे सामाजिक हितो की पूर्ति में बाधा पैदा हो, अपने देश से प्रेम करना, सभी देश वासियो के प्रति बन्धुत्व का भाव रखना आदि। इन कर्तव्य का पालन न करने पर राज्य द्वारा कोई दण्ड नहीं दिया जा सकता, "अधिक से अधिक समाज ऐसे सदस्यो का बहिष्कार कर सकता है।

2.) वैधानिक कर्तव्य (Legal Datles) –

वैधानिक कर्तव्य वे कर्तव्य है जो राज्य के संविधान या विधियो द्वारा स्थापित किये जाते है। इनका पालन करना या नहीं करना व्यक्ति की इच्छा पर निर्भर नहीं होता वरन् ये व्यक्ति पर बाह्यकारी होते है और इनका पालन न करने पर व्यक्ति को दण्ड का भागी बनना पड़ता है आधुनिक राज्यो में नागरिको के मुख्य वैधानिक कर्तव्य निम्नांकित है–

1. राज्य के प्रति निष्ठा भाव रखना–

प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह उस राज्य के प्रति निष्ठा का भाव रखे जिसका वह नागरिक है। इसका आशय यह है कि वह राज्य की एकता और अखण्डता को बरकरार रखने में और युध्द के समय राज्य की सुरक्षा में अपना योगदान दे। यह प्रत्येक नागरिको का कर्तव्य है कि वह दुश्मनो से राज्य की रक्षा करे कोई ऐसा कार्य नही करे जिससे राज्य की शांति और सुव्यवस्था में कोई बाधा पैदा हो।

2. राज्य की विधियों का पालन करना –

राज्य की विधियो का पालन करना और राज्य की विधियो द्वारा आरोपित दायित्वों का निर्वाह करना किसी भी नागरिक का सर्वप्रमुख वैधानिक कर्तव्यो है । राज्य एक संप्रभु इकाई है।जिसकी इच्छा सर्वोच्च होती है। इस सर्वोच्च इच्छा की अभिव्यक्ति ही राज्य की विधियो के रूप मे होते है। राज्य द्वारा विधियो का निर्माण समाज में व्यवस्था स्थापित करने की दृष्टि मे भी है कि वे विधियो का पालन करे।यदि नागरिकों को यह लगता है कि राज्य द्वारा निर्मित कोई विधि अन्याय पूर्ण है वे शांति पूर्ण ढ़ंग से उसका विरोध कर सकते है और उसे निरस्त कराने के लिए सवैधानिक उपायो का सहारा ले सकते है।

3. करों का भुगतान करना -

राज्य एक सुसंगठित सामाजिक जीवन की स्थापना और नागरिकों के कल्याण के लिए निर्मित एक संगठन है। सामाजिक जीवन को व्यवस्थित स्वरूप देने और नागरिकों के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यो के सम्पादन हेतु राज्य को हमारी आवश्यकता होती है।इसके लिए राज्य द्वारा नागरिकों पर विभिन्न प्रकार के कर आरोपित किये जाते हैं। नागरिको का कर्तव्य है कि वे ईमानदारी से राज्य के समस्त करो का भुगतान करें ताकि राज्य का कार्य सुचारू रूप से चल सके। राज्य द्वारा निर्धारित करो का समय से भुगतान न करने पर राज्य द्वारा दण्डात्मक कारवाई की जा सकती है।

आधुनिक राज्यों में नागरिको के मुख्य वैधानिक कर्तव्य है-

अर्थात् इनका समुचित पालन नहीं किये जाने पर राज्य द्वारा दण्डकारी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करना, मताधिकार का विवेकपूर्वक प्रयोग करना, सार्वजनिक सम्पति की सुरक्षा में योगदान देना सार्वजनिक पदों से जुड़े दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह करना और भी नागरिकों के कर्तव्य माने जाते है। परन्तु इन्हे विशुध्द वैधानिक कर्तव्यों की श्रेणी में नही रखा जा सकता, क्योंकि इनका निर्वाहत नहीं करने पर व्यक्ति को राज्य द्वारा दण्डित नही किया जा सकता । सामान्यतया यहां कहा जा सकता है कि व्यक्ति को उन सभी कर्तव्यों का पालन करना चाहिये जि ससे राज्य में सुव्यवस्था बनी रहे और राज्य अपनी कल्याणकारी भूमिका का सम्यक रूप से निर्वाह कर सके।

"सुविचार - आज के नागरिको के यह होना चाहिए"।

अधिकार और कर्तव्य संबंध

"अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं।

यदि व्यक्ति उन्हें अपने दृष्टिकोण से देखता है तो वे अधिकार है और यदि उन्हे दूसरे के दृष्टिकोण से देखा जाय तो वे कर्तव्य हो जाते हैं।

लास्की ने भी लिखा है कि मेरा अधिकार तुम्हारे कर्तव्य से साथ बँधा हुआ है।" उल्लेख यह है कि प्रत्येक अधिकार के साथ एक समानांतर कर्तव्य भी जुड़ा होता है। इसका कारण यह है कि राज्य द्वारा अधिकार की व्यवस्था किसी एक व्यक्ति या व्यक्तियो के लिए नहीं वरन्राज्य के सभी नागरिकों के लिए की जाती है व्यक्ति अपने अधिकारो का प्रयोग समुचित रूप से कर सके, यह इस बात पर निर्भर करता है।

कि अन्य व्यक्ति ऐसा कोई कार्य न करें जिससे कि व्यक्ति द्वारा संबंध अधिकार के उपयोग में कोई बाधा पैदा हो यदि मुझे कार्य करने और जीविकोपार्जन का अधिकार है तो मेरा यह कर्तव्य भी है, कि मैं ऐसा कोई कार्य न करूं जिससे कि समाज के अन्य व्यक्तियों का कार्य करने और जीविकोपार्जन का अधिकार बाधित हो।

"अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलु है"- अधिकार और कर्तव्य सहगामीइकाई है। एक के अभाव में दूसरे का अस्तित्व सम्भव नही है। अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू है, इसे लास्की ने चार प्रकार से व्यवस्थित किया है, सर्वप्रथम मेरा अधिकार कर्तव्य है, दुसरा-मेरा अधिकार मे यह कर्तव्य निहित है कि मै तुम्हारे समान अधिकारो को स्वीकार करू। तीसरा - मुझे अपने अधिकार का प्रयोग सामाजिक हित में वृध्दि करने की दृष्टि से करना चाहिए तथा अंततः राज्य मेरा अधिकार को सुरक्षित रखता है तथा उनकी व्यवस्था करता है अतःराज्य की सहायता मेरा कर्तव्य है। इस प्रकार स्पष्ट है कि अधिकार और कर्तव्य दोनो का अस्तित्व एक दुसरे पर आधारित है। और एक के अभाव मे दुसरा निरर्थक हो जायेगा।

डेलेन्द्र गौतम
बी.ए. प्रथम वर्ष

आज का मीठा मोती

खुशी उनको नहीं मिलती
जो अपनी शर्तों पे,
जिंदगी जीया करते हैं।
खुशी उनको मिलती है,
जो दूसरों की खुशी के,
लिए अपने शर्ते बदल
लिया करते है।

मेरे गुरू कहते है.....
मत सोच की तेरा
सपना क्यो पूरा नही होता।
हिम्मत वालो का इरादा
क़भी अधूरा नही होता ।
जिस इंसान के कर्म,
अच्छे होते है,
उसके जीवन में कभी
अंधेरा नही होता।

मैदान में हारा हुआ फिर से जीत सकता है,
परन्तु मन से हारा हुआ कभी जीत नही सकता।

इस तरह अपना व्यवहार रखना चाहिए।
कि अगर कोई तुम्हारे बारे में बुरा कहे
तो कोई भी उस पर विश्वास ना करे।
जिंदगी वैसी नही जैसी इसके लिए
कामना करते है यह तो वैसी बन
जाती है जैसी आप इसे बनाते है।

जिन्दगी

जिंदगी अभी तो चलना सीखा है,
हार कैसे मान लूँ

जानती हुँ रास्ते मे मिलेगें कई कॉटे
पर दौड़ लगाने का जज्बा रखती हूँ

हौसला हार कर बैठ जॉउ,
उतनी कमजोर भी नही
हर पल हर कदम हर दम

जिंदगी एक कसौटी है।
पर कसौटी को पार कर
वही साहसी है।

तैयार हुँ हर परीक्षा देने को,
पर सुन्दर परिणाम की इच्छा रखती हूँ।

नीलू कोकोडे
बी.एस सी तृतीय वर्ष

जनरल नॉलेज

1. विश्व मे कौन -सा देश है जहाँ सफेद हाथी पाये जाते है?
उ. थाइलैण्ड
2. ऐसा कौन -सा जीव है जो जिंदगी भर बिना पानी पीये जीता है या जी सकता है?
उ. अमेरिका का रैट कंगारू
3. विश्व मे काले रंग के हंस किस देश मे पाये जाते है?
उ. ऑस्ट्रेलिया
4. विश्व मे सबसे बातूनी पक्षी कौन - सा है?
उ. प्रइल नाम का भूरे रंग का नर तोता (अफ्रीका)
5. विश्व का सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी कौन - सा है?
उ. डक हाक
6. उड़ने वाले मेढ़क का क्या नाम है?
उ. रांक्रो फोरस
7. सबसे अधिक दिनो तक जीने वाला प्राणी कौन-सा है?
उ. कछुआ 300 वर्ष तक।
8. विश्व की सबसे बडी घड़ी कौन - सी है तथा कहाँ पायी जाती है?
उ. बिगबेन जो लन्दन में पायी जाती है।
9. विश्व का सबसे बडा बैंक कौन -सा है?
उ. बैंक ऑफ अमेरिका
10. विश्व का वह कौन सा देश है जो आज तक किसी का गुलाम नही हुआ?
उ. नेपाल
11. विश्व का सबसे गरीब देश कौन सा है?
उ. भूटान
12. विश्व मे सबसे कठोर कानून किस देश का है?
उ. सउदी अरब।

पायल बरमैया
बी. एस सी प्रथम वर्ष

सुविचार

- बडप्पन वह गुण है, जो पद से नही,
संस्कारो से प्राप्त होता है।
तूफान मे कश्तियां और अभिमान में हस्तियां मिट जीती है।
- "छोटी सोच" शंका को जन्म देती है.....
और "बडी सोच"-समाधान को.....
- सच के साथ चलिए, एक दिन वक्त आपके साथ चलेगा
- अगर आप किसी का अपमान कर रहे हैं,
तो वास्तव में आप अपना सम्मान खो रहे है।
- बाहर की चुनौतियों से नहीं हम अपनी
अंदर की कमजोरियों से हारते है।

कविता

आसमान मे कितने तारे
चॉद सितारे कितने प्यारे
टिम-टिम-टिम रात सवारे
चमक - चमक के रात उजारे
आसमान मे.....
बादल आते कहॉ छुप जाते
हम भी तुमको ढुंढ न पाते
आसमान में.....
सोच में भी हम आ जाते
सुबह होते ही कहॉ छुप जाते
आसमान मे.....
चॉद सितारे.....

सफल मानव जीवन

सफल मानव जीवन में उद्देश्य की महत्व -

उद्देश्य के बिना जीवन महत्वहीन है। ठीक उसी तरह जैसे पतवार नाव जो लहरों के थपेड़ा से पल में इधर तो पल में उधर होती है, और कभी कभी तो डुब जाती है।

यह जीवन यूं ही व्यतीत करने के लिए नही है, कीड़े मकोड़े की तरह मर जाना जीवन का ध्येय जो नही है स्वयं के लिये जीना तो पशुओं का होता है। मनुष्य जीवन का उद्देश्य तो दूसरो को सुख देना एवं मानवता की सेवा करना होना चाहिए वरना हमसे तो ये पेड़-पौधे अच्छे है जो अपने फल स्वयं भी नही खाते अपितु दूसरों को देते है। यहाँ तक कि अपने पत्तें तक पशुओं को खिलाकर प्रसन्न रहते है। हम इन पेड़ों और नदीयों से बहुत कुछ सीख सकते है कि मानवता की सेवा कैसे करे।

हमें अपने लक्ष्य के प्रति गहरा लगाव होना चाहिए। बॉधाए तकलीफें तो आयेगी उनसे विचलित न होकर उनके वीच से बढ़ाया गया, प्रत्येक कदम हमें एक नये अलौकिक सुख व आनन्द की अनुभूति करायेगा।

"सपनो से दुनिया में सफलता साकार
नहीं होती कोशिश करने वालो की हार नही होती है।

जीवन मे वाधाओं का आगमन वारम्वार हो, कई आर हमें अपने लक्ष्य से विचलित भी होंगे, कई वार निराश भी होंगे और यदि हम कठिनाईयॉ की परवाह किये वगैर मुस्कराये तो उन परिस्थितियों से झलक लेते हुए अपने कहलायेगे।

